उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग

4306. श्री ईश दत्त यादव : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में किसी सड़क को पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) आर्थिक तंगी के कारण उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में कोई नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करना संभव नहीं हो पाया है ।

Floating of bonds for roads and bridges

4307. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Andhra Pradesh Government has approached the Ministry of Surface Transport for permission for floating of bonds for roads and bridges;

(b) if so the steps taken in this regard; and

(c) what is the present status of this proposal?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

उत्तर प्रदेश में नदी-पुलों का निर्माण

4308. श्री राम नरेश यादव : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में कौन-कौन से अपूर्ण नदी-पुलों का निर्माण कार्य पिछली सरकार द्वारा बन्द कर दिया गया था ; और

(ख) इन पुलों के निर्माण कार्य को पूरा करने के बारे में अब सरकार ने क्या निर्णय लिया है ?

जल-धूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) और (ख) संवैधानिक दृष्टि से केन्द्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों तथा उन पर बने पुलों तथा उपरि-पुलों के विकास तथा रख-रखाव के लिये जिम्मेदार है जिनके लिये समस्त व्यय केन्द्र सरकार की निधियों में से वहन किया जाता है । राष्ट्रीय राजमार्गों को छोड़कर शेष सभी सड़कों तथा उन पर बने पुलों के लिये राज्य सरकारें अनिवार्यत: जिम्मेदार होती हैं । उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राज मार्गों पर ऐसा कोई नदी पुल नहीं है जिसका निर्माण कार्य केन्द्र सरकार द्वारा रोक दिया गया हो ।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ जिले में महुला-गढ़वारू बांध का निर्माण

4309. श्री राम नरेश यादव : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसी संसद सदस्य ने सबंद्ध अधिकारियों को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में स्थित महुला-गढ़वाल बांध को यातायात के लिये खोलने के वास्ते लिखा है, यदि हां, तो सरकार ने इस दिशा में क्या कार्यवाही की है ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और